# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक सेवा यात्रा कर रहे प्रतिभागियों से संवाद करेंगे।
2. उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल नई दिल्ली में विभिन्न नेताओं के साथ शिष्टाचार मुलाकात की।
3. मत्स्य विज्ञान प्रभाग की ओर से "फिनफिश एवं शेलफिश रोग निदान एवं प्रबंधन" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा बैच कल से शुरू।
4. द्वीपों के एकाध स्थानों पर आज भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक सेवा यात्रा कर रहे प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। इस दौरान सेवा यात्री प्रधानमंत्री के साथ अपनी यात्रा के अनुभव साझा करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं की भागीदारी और जनसेवा को विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से जोड़ना है। सेवा यात्रा 17 सितंबर को शुरू हुई थी। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चलाए जा रहे व्यापक सेवा संकल्प अभियान का हिस्सा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल नई दिल्ली में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार मुलाकात की। इससे पहले उप–राज्यपाल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के साहित्य पीठ के संस्कृत अधिष्ठाता प्रो. सत्यकेतु और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी समीर शर्मा से भी मुलाकात की।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की आयुष शाखा ने अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसायटी के सहयोग से कल आयुर्वेद दिवस मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पोषण माह के हिस्से के रूप में आयुष अस्पताल, जंगलीघाट में आयुष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद, समग्र स्वास्थ्य, पोषण और स्वस्थ जीवन शैली की प्रथाओं को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य निदेशालय के डॉ. एम. सिद्धराजू और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ आयुर्वेद, पोषण और कल्याण पर आयोजित मिनी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान व्यंजनएवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। इस अवसर पर विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयुष के उप निदेशक, डॉ. कल्याण पी. कदभाने ने आयुर्वेद दिवस और पोषण माह के तहत पूरे द्वीपों की सभी आयुष इकाइयों द्वारा आयोजित की जा रही महीने भर की गतिविधियों तथा कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न विभागों में हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में प्रशासन के सचिवालय तथा विभिन्न विभागों और कार्यालयों के राजपत्रित अधिकारियों के लिए आज सुबह 10 बजे राजभाषा विभाग के हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण केंद्र में 'हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता' आयोजित की जाएगी ।

<><><><><><><><><><>

भूमिगत केबल की मरम्मत, लाइन क्लीयरेंस तथा आगामी दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों के संबंध में 26 सितम्बर को सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत भवन, शादीपुर, मज़ार पहाड़, गुरुद्वारा लाइन, मिडिल प्वाइंट, जंगलीघाट, डेयरी फार्म, स्कूल लाइन, मिनी बे और नयागांव सहित कुछ क्षेत्र शामिल है।

<><><><><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत, ग्रामीण विकास, पीआरआई और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से कैंपबेल बे, कार निकोबार, फरारगंज, मायाबंदर, प्रातरापुर और रंगत ब्लॉक में स्वच्छता अभियानों, जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी गतिविधियों की एक श्रृंखला

आयोजित की गई। इन गतिविधियों में छात्रों, सफाईमित्रों, अधिकारियों और समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। 'स्वच्छता से समृद्धि' के संदेश के साथ युवाओं के लिए स्वच्छ पाठशाला के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। यह अभियान दो अक्तूबर तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के मत्स्य विज्ञान प्रभाग, मत्स्य विभाग और आत्मा के सहयोग से "फिनफिश एवं शेलफिश रोग निदान एवं प्रबंधन" विषय पर दो–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। पहला बैच 22 सितंबर को शुरू हुआ, जबकि दूसरा बैच कल से शुरू होगा। यह आयोजन राष्ट्रीय जलीय जंतुरोग निगरानी कार्यक्रम चरण–II के तहत किया जा रहा है।

<><><><><><><>

द्वीपों के एकाध स्थानों पर आज भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। कल से 29 सितंबर तक मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीप समूह में एक या दो स्थानों पर तेज हवाओं और गरज के साथ वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 40–50 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है, जिसके बढ़कर 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के हिस्से के सिलसिले में, जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के बीबीए टूरिज्म – इको–टूरिज्म क्लब के छात्रों के लिए दो दिवसीय बर्ड टूरिज्म कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को द्वीपसमूह की समृद्ध पक्षी विविधता से परिचित कराना और जिम्मेदार तथा प्रकृति–आधारित पर्यटन गतिविधि के रूप में बर्ड टूरिज्म की क्षमता के बारे में जानकारी देना था। सत्र का नेतृत्व अंडमान बर्ड टूर के संस्थापक और स्थानीय पक्षी विशेषज्ञ अरुण सिंह ने किया, जिन्होंने छात्रों को द्वीपों की स्थानिक और अन्य महत्वपूर्ण पक्षी प्रजातियों के बारे में बताया। मध्योत्तर अंडमान चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने उत्तर और मध्य अंडमान में समुदाय–उन्मुख इको–टूरिज्म और प्रकृति–आधारित पर्यटन की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए मुख्य भूमि के संस्थानों में द्वीपसमूह के छात्रों के लिए आरक्षित विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी और गैर–तकनीकी पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के आवंटन के लिए परामर्श का आयोजन किया जाएगा। परामर्श सत्र टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में 29 सितम्बर को सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर परामर्श के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><><>

पहाड़गांव पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पत्थरगड्ढा स्थित कलवर्ट के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान और उसके परिजनों के विवरण का अभी तक पता नहीं चल सका है। मृतक की लंबाइ लगभग 5 फीट 5 इंच, रंग गोरा और उसने खाकी रंग की फुल पैट पहनी हुई है। पुलिस ने आम जनता से मृतक की पहचान करने में मदद के लिए जानकारी साझा करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

कृषि विभाग के विभिन्न ग्रुप बी और ग्रुप सी पदों के लिए उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस के तहत कृषि अधिकारी का एक, कृषि इंजीनियरिंग सहायक के दो और कृषि सहायक के सात पद शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज दोपहर बारह बजे से शुरू होगी। आवेदन फॉर्म तेईस अक्टूबर तक भरे जा सकते है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से फोंगी चांग और डॉलीगंज स्थित शक्ति निवास और वर्किंग वुमेन हॉस्टेल में विभिन्न पदों पर अनुबंध के आधार पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इनमें सखी निवास प्रबंधक के दो, वार्डन के दो और केयरटेकर के छः पद शामिल हैं।